भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

11 फरवरी **2021,** गुरुवार

केंद्रीय गृह मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा ठाकुरनगर, पश्चिम बंगाल में आयोजित विशाल जन-सभा में दिए गए संबोधन के मुख्य बिंदु

पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की विजय निश्चित है। राज्य की जनता ने गरीब विरोधी और हिंसा की राजनीति करने वाली ममता बनर्जी सरकार की विदाई का मन बना लिया है।

****

कुछ विशेष परिस्थितियों के कारण मेरा ठाकुरनगर का पिछला दौरा रद्द हो गया तो ममता दीदी बड़ी खुश हो गई कि चलो अच्छा हुआ। ममता दीदी, खुश होने की जरूरत नहीं है। पश्चिम बंगाल में चुनाव संपन्न होने तक मैं बार-बार और तब-तक ठाकुरबारी आउंगा जब तक आप चुनाव हार नहीं जातीं।

****

पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनने पर मुख्यमंत्री शरणार्थी कल्याण योजना शुरू की जायेगी जो शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार, तीनों का ध्यान रखेगी। इसका फायदा मतुआ और नामशूद्र समाज के लोगों को होगा।

****

हम ठाकुर नगर रेलवे स्टेशन का नाम 'श्री धाम ठाकुर नगर' रेलवे स्टेशन रखना चाहते हैं लेकिन तृणमूल सरकार उसके लिए हमें परमिशन नहीं देती। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही पहले ही सप्ताह में ठाकुर नगर रेलवे स्टेशन का नाम 'श्री धाम ठाकुर नगर' रेलवे स्टेशन कर दिया जाएगा।

****

मोदी सरकार ने पोस्ट मैट्रिक और मैट्रिक स्कॉलरशिप कई गुना बढ़ा दी है। दलितों के स्कॉलरशिप के लिए मोदी सरकार ने लगभग 59,000 करोड रुपए का प्रावधान किया है। हमने यह भी तय किया है कि मतुआ समाज के छात्रों को ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट की छात्रवृत्ति के लिए भी बहुत बड़ी घोषणा की जायेगी।

****

बंगाल में बनने वाली भाजपा सरकार दलपतियों के लिए भी पेंशन की स्कीम लागू करेगी जिससे उनके बुढ़ापे को सम्मान मिल सके। श्री हरिचंद ठाकुर और श्री गुरुचंद मंदिर के विकास के लिए पश्चिम बंगाल की बनने वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार इस स्थान को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करेगी।

****

हम 31 जनवरी 1979 को भूल नहीं सकते जब कम्युनिस्ट सरकार में मारीचझापी हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। ममता दीदी तो हिंसा का वह दौर रोक नहीं पाई लेकिन मैं आप सबको आश्वस्त करने आया हूँ कि भाजपा की सरकार में पश्चिम बंगाल में हिंसा का दौर रुकेगा और विकास की धारा बहेगी।

****

श्री हरिचंद ठाकुर, श्री गुरुचंद ठाकुर एवं बड़ो माँ ने मतुआ समाज को सामाजिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक और राजनीतिक रूप से व्यापक बनाने में बहुत बड़ी भूमिका अदा की। उन्होंने रास्ता बताया, नरेन्द्र मोदी सरकार उसी रास्ते पर आगे बढ़ रही है।

****

पश्चिम बंगाल में हमारी सरकार आते ही पहली ही कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री किसान समान निधि योजना लागू होगी और हर किसानों को 12,000 के पिछले बकाये सहित और इस साल के 6,000 अर्थात् कुल मिलाकर 18,000 रुपये दे दिए जायेंगे। पहले सप्ताह में ही आयुष्मान भारत योजना भी लागू होगी।

****

ममता दीदी 'मां, माटी, मानुष' का नारा लेकर आई थी लेकिन उन्होंने पश्चिम बंगाल को बर्बादी के कगार पर पहुंचा दिया है। ममता दीदी मोदी सरकार द्वारा पश्चिम बंगाल के विकास के लिए, राज्य के गरीबों के लिए भेजी गई सारी सहायता बंगाल की खाड़ी में डाल देती हैं।

****

इस बार के आम बजट में भी आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने देश की तिजोरी पश्चिम बंगाल के लिए खोल दिए हैं। कुल मिलाकर केन्द्रीय सहायता के रूप में राज्य को मोदी सरकार से 74,000 करोड़ रुपये मिलेंगे।

****

मैं आज ठाकुरनगर की इस पवित्र भूमि से वादा करके जाता हूँ कि जैसे ही कोरोना टीकाकरण का काम समाप्त होगा और कोरोना से मुक्ति मिलेगी, वैसे ही आप सभी शरणार्थी भाइयों को नागरिकता देने का काम भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार कर देगी।

****

यह कानून देश की संसद से पारित हुआ है, ऐसे में ममता दीदी, आप कैसे इस कानून को रोक सकती हैं? वैसे भी, मई 2021 के बाद इस कानून को रोकने की स्थिति में नहीं रहेंगी क्योंकि पश्चिम बंगाल की जनता ने आपकी विदाई का मन पहले ही बना लिया है।

****

मैं मुसलमान भाइयों एवं बहनों को देश के गृह मंत्री ओने के नाते एक बार पुनः स्पष्ट कर देना चाहता हूँ कि नागरिकता संशोधन कानून में एक भी मुस्लिम भाई-बहन की नागरिकता नहीं जायेगी। इस कानून में तो किसी की भी नागरिकता लेने का प्रावधान नहीं है, यह तो नागरिकता देने का कानून है।

****

केंद्रीय गृह मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज गुरुवार को पश्चिम बंगाल के ठाकुरनगर में आयोजित एक विशाल जन-सभा को संबोधित किया और पश्चिम बंगाल की जनता से राज्य की अत्याचारी व भ्रष्टाचारी ममता सरकार को जड़ से उखाड़ कर विकास के प्रति समर्पित भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का आह्वान किया। इससे पहले आज उन्होंने कूच बिहार से भाजपा के राज्यव्यापी परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने आज कूच बिहार में श्री मदन मोहन मंदिर और ठाकुरनगर में श्री श्री हरिचंद ठाकुर मंदिर में पूजा-अर्चना की और पश्चिम बंगाल की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। वे आज कोलकाता में सोशल मीडिया वालंटियर्स मीट को भी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री दिलीप घोष, सांसद श्री शांतनु ठाकुर, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पश्चिम बंगाल के प्रभारी श्री कैलाश विजयवर्गीय, पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री मुकुल रॉय, राज्य सभा सांसद श्री स्वपन दास गुप्त, पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री सुवेंदु अधिकारी, श्री ज्योतिर्मय महतो, श्री सुनील मंडल सहित भारी संख्या में मतुआ समाज के लोग उपस्थित थे।

श्री शाह ने कहा कि **कुछ विशेष परिस्थितियों के कारण मेरा ठाकुरनगर का पिछला दौरा रद्द हो गया तो ममता दीदी बड़ी खुश हो गई कि चलो अच्छा हुआ। ममता दीदी, खुश होने की जरूरत नहीं है। पश्चिम बंगाल में चुनाव संपन्न होने तक मैं बार-बार और तब-तक ठाकुरबारी आउंगा जब तक आप चुनाव हार नहीं जातीं।** आज से तो मेरे कार्यक्रम शुरू हो रहें हैं ममता दीदी। **मैंने वादा किया था कि मैं ठाकुरनगर आकर नागरिकता संशोधन कानून पर तृणमूल कांग्रेस, कम्युनिस्ट और कांग्रेस पार्टी के दुष्प्रचार का डंके की चोट पर जवाब दूंगा।**

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि **मतुआ समाज की माताओं-बहनों के जोश से यह स्पष्ट है कि पश्चिम बंगाल में अगली सरकार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है।** आज मैं श्री हरिचंद ठाकुर, श्री गुरुचंद ठाकुर, श्री प्रथम रंजन ठाकुर और बड़ो मां की पावन भूमि को नमन करने आया हूं। उन्होंने कहा कि **बड़ो माँ ने दलित, शोषित और वंचित समाज को समानता, शिक्षा और समृद्धि के रास्ते पर ले जाने के लिए सफलतापूर्वक आंदोलन चलाया।** आज मैं इन महान पुण्यात्माओं को नमन करता हूँ कि उन्हीं के कारण आज शरणार्थी के रूप में भारत आया समाज सम्मान के साथ अपना स्थान बना रहा है। यही वह भूमि है जहां श्री बिभुतिभूषण बंदोपाध्याय जी ने पाथेर पंचाली की रचना की थी। यहाँ श्री हरिचंद ठाकुर जी का मंदिर है। **हम 31 जनवरी 1979 को भूल नहीं सकते जब कम्युनिस्ट सरकार में मारीचझापी हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। ममता दीदी तो हिंसा का वह दौर रोक नहीं पाई लेकिन मैं आप सबको आश्वस्त करने आया हूँ कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में पश्चिम बंगाल में हिंसा का दौर रुकेगा और विकास की धारा बहेगी।**

श्री शाह ने कहा कि **यह धरती स्वामी रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, गुरुवर रबीन्द्रनाथ टैगोर, राजा राममोहन राय, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, बंकिम बाबू, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, श्रद्धेय हरिचंद ठाकुर, श्रद्धेय गुरुचंद ठाकुर और बड़ो माँ की पावन धरती है जिन्होंने अन्याय के खिलाफ लोगों के सम्मान को जागृत करने के लिए बहुत बड़ी लड़ाई लड़ी। आज वही भूमि तृणमूल कांग्रेस के शासन में हिंसा से रक्त रंजित हो रही है। मैं आप सब को आश्वस्त करने आया हूं कि आप निश्चिंत रहिए, आप के सम्मान की पूरी व्यवस्था भारतीय जनता पार्टी करेगी।** उन्होंने कहा कि श्री हरिचंद ठाकुर एवं श्री गुरुचंद ठाकुर ने 'द्वादश आज्ञा' का सूत्र देकर नैतिक शिक्षण के माध्यम से लोगों को आदर्श रूप से जीवन जीने का मार्गदर्शन किया जिसके आधार पर करोड़ों लोग आज भी चल रहे हैं। **श्री गुरुचंद ठाकुर ने मतुआ समाज को सामाजिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक और राजनीतिक रूप से व्यापक बनाने में बहुत बड़ी भूमिका अदा की। उन्होंने जोर देकर कहा था कि शिक्षा के बिना शोषित वर्ग को न्याय नहीं मिलेगा। उन्हीं के कारण महिला शिक्षा के लिए भी बढ़-चढ़ कर काम हुआ और कई विद्यालयों की स्थापना की गई। श्री हरिचंद ठाकुर, श्री गुरुचंद ठाकुर जी और बड़ो माँ ने जो रास्ता बताया, उसी रास्ते पर नरेन्द्र मोदी सरकार आगे बढ़ रही है।**

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि **मोदी सरकार देश के दलित, पिछड़े और आदिवासी के कल्याण के प्रति समर्पित है।** इतने सालों से शासन में रहने वाले लोग गरीबों के घर में बिजली नहीं पहुंचा पाए, बैंक अकाउंट नहीं पहुंचा पाए, गैस कनेक्शन नहीं पहुंचा पाए, पीने का पानी नहीं पहुंचा पाए, शौचालय नहीं पहुंचा पाए। म**मता बनर्जी सरकार ने गरीबों के लिए न तो आयुष्मान भारत योजना को बंगाल में लागू होने दिया और न ही प्रधानमंत्री किसान समान निधि योजना ही किसानों तक पहुँचने दी। याद रखिये ममता दीदी, हमारी सरकार आते ही पहली ही कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री किसान समान निधि योजना लागू होगी और राज्य के हर किसानों को पिछले दो साल का बकाया 12,000 और इस साल के 6,000 अर्थात् कुल मिलाकर 18,000 रुपये दे दिए जायेंगे। इसी तरह, पश्चिम बंगाल में बनने वाली भाजपा सरकार पहले सप्ताह में ही आयुष्मान भारत योजना भी लागू कर देगी।** उन्होंने कहा कि **आज तक ममता दीदी सरकार ने राज्य के किसानों और उनके बैंक अकाउंट की लिस्ट तक केंद्र सरकार को नहीं सौंपा। कितने साल हो गए ममता दीदी को लिस्ट बनाते बनाते लेकिन लिस्ट है कि बनती ही नहीं। ममता दीदी, आप तकलीफ मत कीजिये, हम बना लेंगे।**

श्री शाह ने कहा कि **ममता दीदी 'मां, माटी, मानुष' का नारा लेकर आई थी लेकिन इसकी जगह तोलाबाजी, तुष्टिकरण और तानाशाही ने ली है और पश्चिम बंगाल को बर्बादी के कगार पर पहुंचा दिया है। ममता दीदी मोदी सरकार द्वारा पश्चिम बंगाल के विकास के लिए, राज्य के गरीबों के लिए भेजी गई सारी सहायता बंगाल की खाड़ी में डाल देती हैं। पश्चिम बंगाल में हमें डबल इंजन की एक ऐसी सरकार चाहिए जो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कंधे से कंधा मिलाते हुए प्रदेश के विकास के लिए काम करे।**

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज भी मतुआ और नामशूद्र सहित कई शरणार्थी समाज को जाति का प्रमाणपत्र नहीं मिल पाया है। यहाँ बच्चों और माताओं की मृत्यु दर काफी अधिक है। महिलाओं पर सबसे अधिक अत्याचार के मामले में ही पश्चिम बंगाल

काफी आगे है। लगातार हिंसा की भयावह घटनाएं हो रही हैं, हमारे कार्यकर्ताओं को जान-बूझ कर निशाना बनाया जा रहा है तो ऐसे में राज्य में पश्चिम विकास कैसे हो सकता है?

श्री शाह ने कहा कि **बांग्लादेश से हजारों लोग शरणार्थी बन कर हिंदुस्तान आये। विभाजन के दौरान कांग्रेस के नेताओं ने यह वादा किया था कि जो भी हिंदू शरणार्थी आएंगे, हम उन्हें नागरिकता भी देंगे, उन्हें सम्मान भी देंगे और उनको गले से भी लगाएंगे लेकिन गले लगाना तो दूर की बात, आज तक उन्हें नागरिकता भी नहीं मिली। हमने 2018 में वादा किया था कि 2019 में मोदी सरकार के आते ही हम नागरिकता संशोधन कानून लेकर आयेंगे जिसके तहत हमारे मतुआ समाज के भाइयों को भी भारत की नागरिकता मिल सकेगी। सत्ता में आते ही हम नागरिकता संशोधन कानून लेकर आये। बीच में कोरोना के कारण इस काम में कुछ देरी हुई तो ममता दीदी ने कहना शुरू कर दिया कि नागरिकता का वादा झूठा है, भाजपा सरकार किसी को भी नागरिकता नहीं देगी। यदि भाजपा सरकार ने नागरिकता दी भी तो तृणमूल सरकार देने नहीं देगी।** ममता दीदी कहती हैं कि जब तक मेरी जान रहेगी तब तक नागरिकता संशोधन कानून लागू नहीं होगा। **ममता दीदी, हम तो वे लोग हैं जो कहते हैं, कर के दिखाते हैं। हमने नागरिकता संशोधन कानून पारित किया है। मैं आज ठाकुरनगर की इस पवित्र भूमि से वादा करके जाता हूँ कि जैसे ही कोरोना टीकाकरण का काम समाप्त होगा और कोरोना से मुक्ति मिलेगी, वैसे ही आप सभी शरणार्थी भाइयों को नागरिकता देने का काम भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार कर देगी। यह कानून देश की संसद से पारित हुआ है, ऐसे में ममता दीदी, आप कैसे इस कानून को रोक सकती हैं? वैसे भी, मई 2021 के बाद इस कानून को रोकने की स्थिति में नहीं रहेंगी क्योंकि पश्चिम बंगाल की जनता ने आपकी विदाई का मन पहले ही बना लिया है। यह भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। अवैध घुसपैठियों को घुसने नहीं देगी लेकिन शरणार्थियों को सम्मान और नागरिकता देकर गले से लगाने का काम करेगी।** इस देश पर शरणार्थी भाई-बहनों का भी उतना ही अधिकार है जितना हमारा है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि **सारे विरोधी कांग्रेस पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और कम्युनिस्ट अल्पसंख्यकों को गुमराह करते हैं कि उनकी नागरिकता चली जायेगी। मैं मुसलमान भाइयों एवं बहनों को देश के गृह मंत्री ओने के नाते एक बार पुनः स्पष्ट कर देना चाहता हूँ कि नागरिकता संशोधन कानून में एक भी मुस्लिम भाई-बहन की नागरिकता नहीं जायेगी। इस कानून में तो किसी की भी नागरिकता लेने का प्रावधान नहीं है, यह तो नागरिकता देने का कानून है।**

श्री शाह ने कहा कि **मोदी सरकार ने पोस्ट मैट्रिक और मैट्रिक स्कॉलरशिप कई गुना बढ़ा दी है। दलितों के स्कॉलरशिप के लिए मोदी सरकार ने लगभग 59,000 करोड रुपए का प्रावधान किया है।** मोदी सरकार दलित कल्याण के लिए समर्पित है। **पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर मुख्यमंत्री शरणार्थी कल्याण योजना शुरू की जायेगी जो शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार, तीनों का ध्यान रखेगी। इसका सबसे बड़ा फायदा मतुआ और नामशूद्र समाज के लोगों को होगा।** यहाँ मतुआ समाज के दलपति बैठे हैं, **बंगाल में बनने वाली भाजपा सरकार दलपतियों के लिए भी पेंशन की स्कीम लागू करेगी जिससे उनके बुढ़ापे को सम्मान मिल सके। श्री हरिचंद ठाकुर और श्री गुरुचंद मंदिर के विकास के लिए पश्चिम बंगाल की बनने वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार इस स्थान को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करेगी। राज्य की बनने वाली भाजपा सरकार अपने खर्चे**

से एक टूरिस्ट सर्किट विकसित करेगी और ठाकुरनगर तीर्थ यात्रा का कायाकल्प होगा। हम ठाकुर नगर रेलवे स्टेशन का नाम 'श्री धाम ठाकुर नगर' रेलवे स्टेशन रखना चाहते हैं लेकिन तृणमूल सरकार उसके लिए हमें परमिशन नहीं देती। ममता दीदी, आप हमें परमिशन मत दीजिये, चुनाव परिणाम आने में दो महीने ही बाकी हैं। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही पहले ही सप्ताह में ठाकुर नगर रेलवे स्टेशन का नाम 'श्री धाम ठाकुर नगर' रेलवे स्टेशन कर दिया जाएगा। हमने यह भी तय किया है कि मतुआ समाज के छात्रों को ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट की छात्रवृत्ति के लिए भी बहुत बड़ी घोषणा की जायेगी।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि **पश्चिम बंगाल को घुसपैठ से मुक्त केवल और केवल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सरकार ही कर सकती है। इस बार के आम बजट में भी आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने देश की तिजोरी पश्चिम बंगाल के लिए खोल दिए हैं। टैक्स डिवोल्यूशन से लगभग 50,000 करोड़ आयेंगे, लोकल बॉडी ग्रांट के रूप में पश्चिम बंगाल को लगभग 5600 करोड़ रुपये मिलेंगे, राज्य आपदा फंड के तहत प्रदेश को लगभग 1,000 करोड़ रुपये मिलेंगे और रिवेन्यू डिफिसिट ग्रांट के रूप में राज्य को लगभग 7,000 करोड़ रुपये और मिलेंगे। अन्य सेक्टर्स में भी राज्य को केंद्र से सहायता राशि मिलेगी। कुल मिलाकर केन्द्रीय सहायता के रूप में राज्य को मोदी सरकार से 74,000 करोड़ रुपये मिलेंगे।** कोलकाता सिलीगुड़ी सड़क अपग्रेडेशन हो रहा है और पूर्वी समर्पित फ्रेट कॉरिडोर का भी निर्माण चल रहा है। जल्द ही पूर्ण रूप से पश्चिम बंगाल को समर्पित फ्रेट कॉरिडोर का निर्माण होगा। इसी तरह पश्चिम बंगाल में 675 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के लिए 25 हजार करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। ईस्ट कोस्ट कॉरिडोर, ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर, फिशिंग हार्बर का भी निर्माण तेज गति से हो रहा है। चाय बगान में काम करने वाली महिलाओं और उनके स्वास्थ्य, शिक्षा व निवास के लिए 1,000 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है।जल जीवन मिशन के तहत हर गरीब को घर में पानी पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है, घर में शौचालय और बिजली पहुंचाने की व्यवस्था मोदी सरकार ने की है।

महेंद्र पांडेय

(कार्यालय सचिव)